nt>

**14.05 hrs**

Title: Need to declare Jhul (Chakia)-Kasaria-Dumaria-Areraj-Harsidhi-Sugauli road in Bihar as a national highway - Laid.

**श्री राधा मोहन सिंह (मोतिहारी) :** मान्यवर, बनर झूला (चकिया) बिहार, जहां एन.एच. सं. 104 जुड़ती है, इसी स्थान पर बनर झूला (चकिया) से केसरिया, डुमरिया, संग्रामपुर, अरेराज और हरसिद्धि होते हुए सुगौली राट्रीय राजमार्ग को जोड़ने वाली एक सड़क अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान से होकर गुजरती है। इसी मार्ग में विश्व का सबसे बड़ा बौद्ध स्तूप केसरिया में स्थित है और अरेराज का सुमेश्वर मंदिर, जो पूरे देश में प्रसिद्ध है, वह भी यहां स्थित है। इन दोनों के नाम डाक विभाग डाक टिकट जारी करने वाला है। सुगौली की संधी एक महत्वपूर्ण घटना है। प्रसिद्ध चीनी यात्री व्हेनसांग एवं फाइयान इसी मार्ग से भारत आये थे और महात्मा बुद्ध अपने जीवन की अन्तिम यात्रा के लिए यही से प्रस्थान किये थे।

अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि इस मार्ग के ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए इसे राट्रीय राजमार्ग घोति करने की कृपा करें।

*Treated as laid on the Table